**परेशानी** दो पहिया वाहन चालकों के लिए बनी मुसीबत

# पॉश से लेकर आम इलाकों में जहां तहां पड़ी रेत, गिट्टी और ईंटे

**जबलपुर, नवभारत।** नगर की मुख्य सड़को समेत कई गली मोहल्लों के मार्गो में इन दिनों बड़ी बड़ी इमारतों का निर्माण कार्य जारी है। अब आलम ये है कि इन गली मोहल्लों की ओर जाने वाली सड़को में निर्माण कार्य की सामग्री गिराये जाने से आवागमन में लोगों को परेशानी उठानी पड रही है। मुख्य सड़क के अलावा गलियों में बेधड़क लोगों द्वारा रेत, गिट्टी और ईटा आदि गिराया जा रहा है। वहीं लोगों द्वारा निर्माण के दौरान मलबा भी सड़कों के किनारे हीं बेधड़क फेंक देते हैं। वहीं कई मुहल्ले की सड़कों पर निर्माण सामग्री व मलबा फेंक दिये जाने से सड़कें संकीर्ण हो गये हैं, जिसके कारण वाहनों को गुजरने में परेशानी का सामना करना पडता है। शहर के नेपियर टाउन, राइट टाउन की गलियों के साथ साथ गढ़ा, संजीवनी नगर समेत कई जगहों पर सड़क पर हीं निर्माण सामग्री गिराये जाने से आवाजाही में परेशानी हो रही है।

### परेशानियों का लगा है अंबार

इस संबंध में नेपियर टाउन निवासी कुछ लोगों ने कहा कि मुहल्ले की सड़कों पर निर्माण सामग्री गिराकर कई दिनों तक ऐसे हीं छोड़ दिये जाने से आवाजाही में लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार तो स्कूली वैन मुहल्ले के अंदर तक नहीं जा पाती। जिसके कारण बच्चों को मुख्य सड़क पर हीं आकर खड़ा रहना पडता है। वहीं प्रत्युष ने कहा कि मुख्य सड़क पर तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है, मगर मुहल्ले के गलियों में लोग बेहिचक हीं निर्माण सामग्री गिराकर छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार तो निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद बचे हुए सामग्री को सड़कों पर यूं हीं कई महीनों तक छोड़ दिया जाता है। इसके कारण रात में वहां से गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालक कभी-कभी दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं।

## रेल कर्मचारी को श्वान ने काटा, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** मदन महल थाना अंतर्गत रेलवे उत्सव कॉलोनी में श्वान ने एक रेल कर्मचारी को घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी कुत्ता मालकिन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार महेंद्र कुमार पाठक रेलवे में असिस्टेंट सी एंड डब्ल्यू (मैकेनिकल) के पद पर कार्यरत हैं, उत्सव कॉलोनी में निवास करते हैं। सुबह करीब 9 बजे जब वे घर के बाहर निकले तो तभी उनके पड़ोस में रहने वाली जीवकला अपने पालतू कुत्तों को घुमा रही थीं। ए क कुत्ता अचानक आक्रामक हो गया और उसने महेंद्र पाठक के दाहिने पैर के पंजे पर झपटकर बुरी तरह काट लिया। महेंद्र पाठक ने पुलिस को बताया कि जीवकला अक्सर अपने कुत्तों को बिना जंजीर के खुला छोड़ देती हैं, जिससे कॉलोनी में हमेशा डर का माहौल रहता है। पूर्व में भी कॉलोनी वासियों और उन्होंने स्वयं जीवकला को कुत्तों को बांधकर रखने की हिदायत दी थी, लेकिन उनके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। घटना के वक्त पड़ोसी वर्षा शुक्ला और अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया।

# नागरिकों को सुरक्षा का दिलाया एहसास, बदमाशों को दी कार्रवाई चेतावनी

**संवेदनशील क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च**

**जबलपुर।** नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाने और शहर की शांति पर खलल डालने वाले बदमाशों को कार्रवाई की चेतावनी देने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। दरअसल होली पर्व एवं रमजान पर्व शांति पूर्वक सौहर्द के वातावरण में सम्पन्न कराये जाने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता के नेतृत्व में एक फ्लैग मार्च पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर से निकाला गया। शाम 6-30 बजे पैदल फ्लैग मार्च पुलिस कन्ट्रोलरूम से प्रारम्भ होकर घंटाघर, बडी ओमती चौक, भरतीपुर, छोटी ओमती, बेलबाग तिराहा, लकड़गंज, फूटाताल, सराफा चौक, कोतवाली थाने के सामने से राजा रसगुल्ला, हनुमानताल तालाब , घोडानक्कास, मछली मार्केट से होते हुये राजा रसगुल्ला, कोतवाली थाने के सामने, बडा फुहारा, से सुपरमार्केट, मालवीय चौक, करमचंद चौक, बडी ओमती , घंटाघर से होते हुये कन्ट्रोलरूम में पैदल फ्लैग मार्च का समापन हुआ। इसीं प्रकार रात्रि 8-30 बजे शासकीय वाहनों से फ्लैग मार्च कन्ट्रोल रूम से प्रारम्भ हुआ है जो घंटाघर से तैयअबअली चौक, नौदरा, तीनपत्ती चौक, यातायात तिराहा, से रानीताल चौक, से लेबर चौक, कछपुरा, गौतम मढिया, त्रिपुरी चौक, एलआईसीख् मदनमहल चौक, महानद्दा, छोटी लाइन फाटक, गोरखपुर बाजार, कटंगा, गणेश चौक, पेंटीनाका, मरियम चौक, इलाहबाद चौक, पुल न 1, मालगोदाम चौक, हाईकोर्ट चौक से कन्ट्रोल रूम में फ्लैग मार्च का समापन हुआ। दोनों फ्लैंग मार्च में सम्बंधित नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी बल समेत, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य पुलिस लाईन एवं आरएएफ के बल के साथ उपस्थित रहे।

### गुंडे-बदमाश बख्शें नहीं जायेंगे

एसपी सम्पत उपाध्याय ने कहा कि निकाले गये फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें, होली पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना है। असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों के द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही विधि अनुरूप की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

## राज्यसभा सांसद की कार का एक्सीडेंट करने वाला पकड़ाया

**एसएएफ सिपाही का पुत्र निकला आरोपी, 50 कैमरे खंगाले, कार में लगे पुलिस के लोगो से मिला क्लू**

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गोकलपुर लक्ष्मी मंदिर के पास मेन रोड में राज्यसभा सांसद की कार दुर्घटनाग्रस्त करने वाले कार चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। 50 सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ कार में लगे पुलिस के लोगो के जरिए पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई। कार को टक्कर मारने वाला एसएएफ हेड कांस्टेबल का पुत्र निकला।

विदित हो कि राज्य सभा सांसद श्रीमती समित्रा वाल्मीक 20 अप्रैल को इनोवा कार क्रमांक एमपी 20 जेडर्ड 7788 से अंधमुख बायपास से रांझी जा रही थी। कार को उनका ड्राइवर विलास सेन चला रहा था। कार जैसे ही शुक्रवार रात्रि 11:30 बजे रांझी गोकलपुर लक्ष्मी मंदिर के पास मेन रोड के पास पहुंची तभी पीछे से एक सफेद रंग की कार के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर उनकी कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर करीब 50 सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला। इसके बाद पुलिस को सुराग लगा। बिना नंबर की कार में पुलिस का लोगो लगा था जिसके सहारे पुलिस कार चालक तक पहुंच गई। कार चालक मनमोहन नगर निवासी मनीष 37 वर्ष निकला। जिसे दबोचने के बाद पुलिस ने लंबी पूछताछ की गई। जिसमें यह बात सामने आई कि उसके पिता एसएएफ में प्रधान आरक्षक के पद पदस्थ है। पुलिस ने कार चालक की गिरफ्तारी दर्ज की है।

## सीढ़ियों से गिरे बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत नीमखेड़ा में सीढ़ियों से अनियंत्रित होकर एक बुजुर्ग गिर गया। हादसे में गंभीर चोटें आने से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सोमवार को श्रीमति रेखा रैकवार 31 वर्ष निवासी गुप्तेश्वर कैलाशपुरी ने सूचना दी कि वह मेहमानी में अपने मायके नीमखेड़ा आई थी। सुबह लगभग 11-30 बजे उसके पिता वनीत कुमार बर्मन घर की सीढ़ियों से गिर गए थे जिन्हें चोटें आ गई। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान विनीत ने दम तोड़ दिया।

# रेल नीर में मिली गंदगी, अधिकारियों ने जब्त किया स्टॉक

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर रेल नीर की सीलबंद बोतल में कचरा मिलने से हड़कंप का माहौल बन गया। मिली जानकारी अनुसार ग्वालियर के रहने वाले यात्री पवन शर्मा ने इस अव्यवस्था की शिकायत सोशल मीडिया के जरिए रेल मंत्रालय से की। इसके बाद रेलवे विभाग में सनसनी फैल गई और तत्काल कार्यवाही शुरू की गई। बता दे कि पवन शर्मा जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस पकड़ने के लिए प्लेटफार्म नंबर छह पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने एक सांची स्टाल से रेल नीर की दो बोतलें खरीदीं। यात्रा शुरू होने के

बाद जब उन्होंने बोतल देखी तो उसके भीतर कागज या टिश्यू जैसा कचरा नजर आया। उन्होंने दूसरी बोतल जांची तो उसमें भी वैसी ही गंदगी मिली। यात्री ने तुरंत इस मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया और रेल मंत्री को भी इसकी जानकारी दी।

### अधिकारी पहुचे स्टॉल पर

सूत्रों के अनुसार शिकायत का संज्ञान लेते हुए रेलवे अधिकारियों की टीम ने तुरंत प्लेटफार्म छह स्थित उस स्टाल पर छापा मारा, वहां मौजूद रेल नीर का पूरा स्टॉक जांचा गया और लगभग अस्सी बोतलों को जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने यात्री को उनके पैसे वापस कर दिए हैं और पानी की गुणवत्ता की बारीकी से जांच करवाई जा रही है। गौरतलब है कि स्टेशन के सभी स्टालों पर पानी की सप्लाई का जिम्मा आईआरसीटीसी के पास होता है।

# ससुराल पक्ष की क्रूरता से महिला ने की थी आत्महत्या

**पति बेहरमी से पीटकर भूखा रखता था, जेठ की थी गंदी नजर, सास देती थी प्रताड़ना**

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत भानतलैया क्षेत्र में एक 28 वर्षीय विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने के मामले में पुलिस ने पति, सास और दो जेठ पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। जांच में यह बात सामने आई कि पति बेहरमी से पीटता था। भूखा रखता था। जेठ गंदी नजर रखता था। जबकि सास व दूसरा जेठ प्रताड़ना देता था।

पुलिस ने बताया कि श्रीमती शालू उर्फ शालिनी सोनकर का विवाह वर्ष 2018 में मोहित उर्फ कंजा सोनकर के साथ हुआ था। शालू एक खुशहाल घर का सपना लेकर ससुराल आई थी, लेकिन वहां उसे सिर्फ प्रताड़ना मिली। 15 फरवरी की दोपहर जब शालू ने पंखे से फंदा लगाकर जान दी थी। मर्ग जांच के दौरान चोंकाने वाले खुलासे हुए। मायके पक्ष ने पुलिस को बताया कि पति मोहित शराब का आदि था, जो आए दिन शालू को बेरहमी से पीटता था और उसे खाना तक नहीं देता था। मृतिका के जेठ संजू सोनकर पर आरोप है कि वह शालू पर बुरी नियत रखता था और उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास करता था। सास बेबी सोनकर लगातार पैसों की मांग कर उसे प्रताड़ित करती थी, वहीं जेठ बंटी सोनकर आए दिन गाली-गलौज कर उसे घर से निकल जाने के लिए मजबूर करता था। ससुराल पक्ष के अत्याचारों से तंग आकर ही शालू ने आत्मघाती कदम उठाया था। आरोपियों द्वारा मृतिका को आत्महत्या के लिए मजबूर (दुष्प्रेरण) किया गया, जिसके आधार पर पति मोहित, सास बेबी, जेठ संजू और बंटी सोनकर को आरोपी बनाया गया है। पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## 65 वारंटी, 47 तस्कर पकड़ाए

**जबलपुर।** पुलिस ने पिछले 24 घंटे में गुंडे-बदमाशों, तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कई वर्षो से फरार 31 गैरम्यादी, 34 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया है एवं 34 जमानती वारंट तामील किये गये तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले व्यक्तियों सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 47 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 16 बॉटल अंग्रेजी एवं 381 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 27 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी ।

# होली पर रहेगी अतिरिक्त जलापूर्ति की व्यवस्था : निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने होलिका दहन और होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त रखने के संबंध में संबंधित सभी अधिकारियों को आदेश जारी कर कहा है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली पर्व के अवसर पर अतिरिक्त जलापूर्ति करने की व्यवस्था नागरिकों के लिए सुनिश्चित की जाये। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 3 मार्च को एवं धुरेड़ी का पर्व दिनांक 4 मार्च को मनाया जायेगा। इस दिन नागरिकों के लिए अतिरिक्त जलापूर्ति करने की व्यवस्था की गयी है जिसमें 4 मार्च को सुबह 6:30 बजे से 07:00 बजे तक, दोपहर में 01:00 बजे से 02:00 बजे तक एवं सायंकाल 06:00 बजे से दैनिक जलापूर्ति की जायेगी। इसके लिए उन्होंने जलविभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, के साथ-साथ सभी संबंधितों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा उस पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए हैं।

### स्ट्रीट लाइट रखरखाव के भी निर्देश

इसी प्रकार निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कार्यपालन यंत्री प्रकाश, स्वास्थ्य अधिकारी, एवं समस्त संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 1 से 16 तक साफ-सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाईट रखरखाव के लिए संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निर्देश प्रदान किये हैं, उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत शांति समिति की बैठक में शामिल होकर उनके द्वारा लिये गए निर्णय अनुरूप कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये हैं।

## होली पर्व के मद्देनजर 4 को शुष्क दिवस घोषित

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने होली त्यौहार के मद्देनजर प्रशासकीय एवं लोक हित में आबकारी अधिनियम के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बुधवार 4 मार्च को शाम 5 बजे तक जिले में स्थित मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश दिये हैं। उन्होंने इस अवधि के दौरान मदिरा के क्रय-विक्रय, परिवहन, चौर्यनयन एवं अवैध संग्रहण को पूर्णत: निषिद्ध कर दिया है। कलेक्टर ने इस अवधि को शुष्क दिवस घोषित किया है। आदेश के मुताबिक संपूर्ण जिले की देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर विक्रय की दुकानों, मदिरा विक्रय से संबंधित अन्य केन्द्रों, देशी मद्य भण्डारागार जबलपुर, सिहोरा और विदेशी मद्य भण्डारागार ग्राम हथना उल्लेखित अवधि में बंद रहेंगी।

# कलेक्टर ने विभागों की समीक्षा कर दिए कमियां पूरी करने निर्देश

**कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक**

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विभिन्न समस्याओं की विभागवार समीक्षा कर कमियों की पूर्ति करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कहा कि होली पर्व के दौरान दुग्ध संबंधी उत्पादों की जांच करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जितने भी होली जलाने के स्थान हैं उनका नि:शुल्क पंजीयन करें और उनमें गौकाष्ट का उपयोग करें। उन्होंने पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री जन मन योजना, किसानों की ई-केवायसी, पहली कक्षा में प्रवेश उत्सव, वन ग्राम, राजस्व ग्राम, स्वरोजगार योजनाओं का संचालन के संबंध में विशेष चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित कर आपेक्षित प्रगति लाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

### एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए बनेंगे 33 सेंटर

कलेक्टर ने एचपी वेक्सिनेशन के संबंध में जानकारी देकर कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसे बीमारियों के बचाव के लिए 14-15 वर्ष की लड़कियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में यह टीका मुफ्त लगाया जा रहा है। अभी जिले में 13 सेंटर बनाये गये हैं और अगले हफ्ते 33 सेंटर बनाये जायेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत स्कीम के बारे में जानकारी देकर कहा कि अब कहीं भी किसी भी व्यक्ति के साथ आकस्मिक सड़क दुर्घटना होने पर घायलों के ईलाज सभी अस्पतालों में 7 दिन तक 1.50 लाख रूपये तक निशुल्क किया जायेगा। सात दिन के बाद उसे आयुष्मान योजना से संबद्ध अस्पताल में शिफ्ट करने पर आयुष्मान योजना के तहत ईलाज किया जायेगा।

## इलेक्ट्रिशियन पर हमला

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत नया पुल के पास बदमाश ने इलेक्ट्रिशियन पर पाइप से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद फ्रिोज खान 40 वर्ष निवासी नालबंद मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता है, काम से मंडी जा रहा था तभी नया पुल के पास रहने वाला दानिश राजू चाय वाले के सामने बरियातले में मिला जो कहने लगा कि आज कल तू बहुत उड़ रहा है और पाईप से हमलाकर छाती, माथा हाथ में चोटें पहुँचा दी।

**सफलता** विधायक की मांग पर विधानसभा सत्र में मिली स्वीकृति, विधानसभा में विधायक ने उठाए जबलपुर के जनहित के मुद्दे

# लीज होल्ड मुक्ति, फायर सेफ्टी एक्ट को मिली मंजूरी

**नवभारत, जबलपुर।** लीज-होल्ड भूमि को फ्री-होल्ड कराने में बड़ी सफलता मिली है। फायर सेफ्टी एक्ट की मांग पर मंत्री से आश्वासन विधानसभा सत्र में मिला है। वहीं भोपाल एवं इंदौर की तर्ज पर जबलपुर में सुपर 100 की हो शुरूआत करने की मांग भी की गई है इसके साथ ही मेहता पेट्रोल पंप से अग्रसेन चौक तक 17 करोड़ की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। आई.टी.आई. से दीनदयाल ओवरब्रिज के लिए 371 करोड़ रुपये पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं, जिसका काम जल्द ही शुरू होगा। ये सारी बातें उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे ने आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कहीं। विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने यह भी कहा कि उन्होंने सदन में जबलपुर का नाम जाबालि ऋषि करने,

हनुमानताल में दो दिवसीय जबलपुर महोत्सव आयोजित करने और मंदिरों में पुजारियों का मानदेय तय करने की भी मांग की।

### 3 माह में पूरी होगी फ्री होल्ड करने की कार्रवाई

इस दौरान विधायक अभिलाष पांडे ने ये भी कहा कि ई-बसों के संचालन की घोषणा से व्यापारिक केंद्र उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। प्रेसवार्ता में विधायक ने स्पष्ट किया कि उन्होनें विधानसभा सत्र में जनहित से जुड़े कई मुद्दे उठाए जिसमें कई अहम मुद्दों पर आश्वासन मिला है।

सुभद्रा कुमार चौहान, भवानी प्रसाद तिवारी, स्वामी दयानंद सरस्वती एवं राममनोहर लोहिया वार्डों में निवासरत लगभग 5,000 परिवारों की लीज-होल्ड भूमि की समस्या पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया कि आगामी तीन माह के भीतर नियमों को सरल बनाते हुए लीज-होल्ड भूमि को फ्री-होल्ड करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

### तीन माह में सामने आए फायर सेफ्टी एक्ट

घने बसाहट वाले क्षेत्रों जैसे बड़ा फुहारा, गढ़ाफाटक, सराफा,कछियाना, मिलौनीगंज, निवाड़गंज आदि में फायर ब्रिगेड की पहुंच मुश्किल है, ऐसे में एक सुदृढ़ फायर सेफ्टी एक्ट और अनिवार्य फायर ऑडिट की अत्यंत आवश्यकता है एवं क्षेत्रीय आधार पर फायर स्टेशन बनाने की मांग विधायक ने की तो नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया कि केंद्र के मॉडल एक्ट के आधार पर मध्यप्रदेश का फायर सेफ्टी एक्ट अगले 2-3 महीनों में लाकर प्रस्तुत कर दिया जाएगा। डॉ. पाण्डेय ने इसे प्रदेशवासियों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### ये रहे उपस्थित

विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने सभी मुद्दों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाने और सकारात्मक आश्वासन मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा एवं सम्बंधित मंत्रियों का आभार व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला महामंत्री पंकज दुबे,उपाध्यक्ष शंकर श्रीवास्तव ,प्रणीत वर्मा, मनीष जैन कल्लू, रवि शर्मा,अमर पटेल, राहुल रजक,सपन यादव, दिलीप पटेल,रजनी साहू,अंशुल यादव, मधुबाला राजपूत, रेणु कोरी,प्रतिभा भापकर,सोनिया सिंह,श्री कांत वर्मा, अंकित पाठक आदि उपस्थित थे।